

**इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में आएंगे नजर**

पंत अब अगस्त में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में नजर आएंगे। इस सीरीज की शुरुआत 4 अगस्त से हो रही है। इस सीरीज से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के नए सीजन की शुरुआत भी होगी। भारतीय टीम सकारात्मक नजरिए के साथ इस सीजन की शुरुआत करना चाहेगी। इंग्लैंड सीरीज में पंत की अहम भूमिका होने वाली है। इंग्लैंड में पंत का बल्लेबाजी औसत 25.87 का है। उनकी कोशिश इसमें सुधार करने की होगी।

## इंग्लैंड और जर्मनी का मुकाबला देखने पहुंचे पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऋषभ पंत यूरो कप 2000 में इंग्लैंड और जर्मनी का मुकाबला देखने पहुंचे। इस युवा विकेटकीपर ने वेम्बले स्टेडियम पर यह मुकाबला देखा। 23 वर्षीय यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम के बाकी खिलाड़ियों की तरह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के बाद ब्रेक पर है। पंत ने इंस्टाग्राम पर इस मैच की कुछ तस्वीरें साझा कीं और बताया कि इंग्लैंड और जर्मनी का मैच देखना उन्हें कितना पसंद आया। ऋषभ अपने दोस्तों के साथ मैच का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर मैच से जुड़े वीडियो क्लिप भी साझा किए। पंत अकेले भारतीय क्रिकेटर नहीं हैं जो इंग्लैंड में छुट्टियों के दौरान खेलों का मजा उठा रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में समाचार एजेंसी पीटीआई को बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया था कि कैसे खिलाड़ी लंदन में विम्बलडन और यूरो 2020 का लुत्फ उठाना चाहते हैं।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में रिषभ पंत व जडेजा को हुआ नुकसान

**क्रिकेट**

## भारतीय कप्तान विराट कोहली चौथे नंबर पर बने हुए है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। आइसीसी का ताजा टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन एक बार फिर से फिर से पहले नंबर पर आ गए हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने टीम इंडिया के खिलाफ 49 और नाबाद 52 रन की पारी खेली थी। इससे उनकी टीम को जीत तो मिली ही साथ ही साथ उन्होंने अब रैंकिंग में भी पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। केन की रेटिंग अंक 901 है और वो दूसरे नंबर पर मौजूद स्टीव स्मिथ से 10 अंक आगे हैं। स्मिथ के इस समय 891 रेटिंग अंक हैं। वहीं आइसीसी की बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में भारतीय कप्तान विराट कोहली चौथे नंबर पर बने हुए हैं और उनके 812 अंक हैं।

रैंकिंग में अन्य भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो रोहित शर्मा छठे स्थान पर बने हुए हैं जबकि रिषभ पंत को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वो सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं भारत के खिलाफ फाइनल मैच में नाबाद 47 रन की पारी खेलने वाले न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रोस टेलर रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे के साथ 14वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के ओपनर बल्लेबाज डोवेन कॉनवे को 18 स्थान का फायदा हुआ और वो 42वें नंबर पर आ गए हैं। कॉनवे ने भारत के खिलाफ फाइनल मैच की पहली पारी में 52 रन बनाए थे। फाइनल मैच में 49 और 15 रन की पारी खेलने वाले भारतीय टीम के टेस्ट उप–कप्तान अजिंक्य रहाणे तीन स्थान का फायदा हुआ है और वो 13वें नंबर पर आ गए हैं।





टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग की बात करें तो पैट कमिंस पहले नंबर पर हैं तो वहीं आर अश्विन दूसरे नंबर पर हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी और नील वैगनर तीसरे व चौथे नंबर पर हैं। पिछले सप्ताह पहले नंबर पर आने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दो स्थान का नुकसान हुआ और वो तीसरे नंबर पर खिसक गए। एक बार फिर से जेसन होल्डर पहले नंबर पर आ गए हैं तो वहीं बेन स्टोक्स दूसरे नंबर पर पहुंच गए।

## शाकिब अल हसन के व्यवहार से दुखी होकर मोनिरुज्जाम ने छोड़ी अंपायरिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बांग्लादेश के अंपायर मोनिरुज्जमान ने अंपायरिंग छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने हाल ही में ढाका प्रीमियर लीग के दौरान सीनियर खिलाड़ियों शाकिब अल हसन और महमदुल्लाह के दुर्व्यवहार के बाद यह फैसला किया है। अंपायरिंग छोड़ने के अपने फैसले का ऐलान करते हुए मोनिरुज्जमान ने कहा कि वह अपना आत्मसम्मान बनाए रखना चाहते थे। मोनिरुज्जमान उस मैच का हिस्सा नहीं थे जिसमें शाकिब अल हसन शामिल थे। हालांकि जिस मैच में महमदुल्लाह ने अपना आपा खोया तब वह टीवी अंपायर थे।

शाकिब को उनकी इस हरकत के लिए 5800 अमेरिकी डॉलर

**मोनिरुज्जमान ने कहा कि वह अपना आत्मसम्मान बनाए रखना चाहते थे**

यानी करीब पांच लाख बांग्लादेशी टका का जुर्माना लगाया गया था। इसके साथ ही उन पर तीन मैचों का प्रतिबंध भी लगाया गया था। इतना ही नहीं मोहम्मद सर्पोर्टिंग के अबाहानी लिमिटेड के खिलाफ मैच के दौरान उन्होंने स्टंप्स को लात भी मारी थी। इस बीच गाजी टैंक क्रिकेटर्स के कप्तान महमूदुल्लाह ने प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के खिलाफ एक मैच के दौरान अपील करते हुए मैदान पर लेट गए थे। महमूदुल्लाह को लेवल–2 के अपराध का दोषी पाया गया था और उन पर दो लाख टका का जुर्माना लगा था। क्रिकबज को दिए एक इंटरव्यू में मोनिरुज्जमान ने कहा कि खिलाड़ी अंपायर्स के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, बहुत हो चुका। मैं अब और अंपायरिंग नहीं करना चाहता हूं। अंपायर्स गलती कर सकते हैं लेकिन अगर आपके साथ इस तरह का व्यवहार होता है तो इस काम को करते रहने का कोई तुक नहीं है चूंकि मैं इसे सिर्फ पैसे के लिए नहीं कर रहा हूं।

मोनिरुज्जमान, आईसीसी एलीट पैनल में अंपायर रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि शाकिब अल हसन और महमूदुल्लाह के व्यवहार से वह सदमे में हैं। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा, मैं शाकिब के मैच में शामिल नहीं था। जिस तरह का व्यवहार उन्होंने किया उसे पचा पाना मेरे लिए बहुत मुश्किल था।

## बीसीसीआई ने 5 खिलाड़ियों को खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार देने की सिफारिश की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ ने खेल रत्न के लिए 2 और अर्जुन पुरस्कार के लिए तीन खिलाड़ियों के नाम केंद्र सरकार को भेजे हैं। बीसीसीआइ ने जिन खिलाड़ियों के नाम खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड के लिए प्रस्तावित किए हैं, उनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल है, जबकि चार पुरुष भारतीय खिलाड़ियों को भी इसमें शामिल किया गया है। हाल ही में केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नए खेल पुरस्कारों के लिए नाम मांगे थे। बीसीसीआइ ने खेल रत्न के लिए भारतीय महिला टीम की कप्तान और महान महिला खिलाड़ी मिताली राज और भारतीय पुरुष टेस्ट टीम के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन को चुना है, जबकि अर्जुन अवॉर्ड के लिए हाल ही में श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया के कप्तान नियुक्त किए गए शिखर धवन, ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम को भेजा है। हालांकि, ये नाम प्रस्तावित हैं और क्या ये खिलाड़ी इन पुरस्कारों के योग्य है, इसका फैसला खेल पुरस्कारों की कमेटी को करना है।

## न्यूज डायरी



## तबरेज शम्सी की कंजूसी भरी गेंदबाजी, वेस्टइंडीज ने गंवाया जीता हुआ मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंट जॉर्जस। साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत साउथ अफ्रीका ने सीरीज के तीसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में वेस्टइंडीज को एक रन से हरा दिया। शम्सी ने चार ओवरों में दो विकेट लेकर 13 रन दिए। मंगलवार को ग्रेनाडा के सेंट जॉर्ज स्टेडियम में यह मुकाबला हुआ। इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 2–1 की बढ़त हासिल कर ली है। वेस्टइंडीज ने लगातार तीसरी बार टॉस जीता और साउथ अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्योता दिया। साउथ अफ्रीका की टीम ने आठ विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। लेकिन कैरेबियाई टीम इस स्कोर को पार नहीं कर सकी। साउथ अफ्रीका ने शानदार गेंदबाजी की और एक रन से मैच अपने नाम किया। वेस्टइंडीज ने सात विकेट पर 166 रन बनाए। टी20 इंटरनैशनल क्रिकेट में नंबर एक गेंदबाज शम्सी ने पारी के बीच में बहुत कसी हुई गेंदबाजी की।

## धौनी बड़े मुकाबलों में विराट और गांगुली की तुलना में क्यों होते हैं सफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज व कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने आइसीसी नॉकआउट टूर्नामेंट्स के गेम को लेकर सौरव गांगुली, एम एस धौनी और विराट कोहली की तुलना की। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि क्यों धौनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने बड़े इवेंट्स में जीत दर्ज की। आकाश चोपड़ा ने बताया कि, धौनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने बड़े–बड़े खिताब अपने नाम पर इसलिए की क्योंकि उन्होंने कभी बड़े मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को असुरक्षित महसूस नहीं होने दिया। धौनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने तीन आइसीसी खिताब 2007, 2011 और 2013 में जीते थे। आकाश चोपड़ा ने धौनी के बारे में बात करते हुए कहा कि, इस महान क्रिकेटर की लीडरशिप में भारतीय टीम खूब फली और फूली। उन्होंने कहा कि, कुछ बातें जो धौनी को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कप्तान बनाती है वो ये कि, वो बदलाव नहीं करते हैं साथ ही उन्होंने टीम में कभी किसी को असुरक्षित महसूस नहीं कराया।

## हसन अली के साथ बहस के कारण बल्लेबाजी कोच का पद नहीं छोड़ाः यूनिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान ने इन खबरों को खारिज किया है कि बल्लेबाज हसन अली के साथ बहस के बाद उन्होंने राष्ट्रीय टीम के बल्लेबाजी कोच का पद छोड़ा था। यूनिस ने हालांकि अनुबंध से जुड़ी बाध्यताओं का हवाला देकर अपने फैसले के असल कारणों के बारे में खुलासा करने से भी इनकार कर दिया। यूनिस ने कुछ दिन पहले इस्तीफा दे दिया था लेकिन ना तो उन्होंने और ना ही पीसीबी ने इसके संदर्भ में कोई स्पष्टीकरण दिया। बाद में मीडिया में आई खबरों में कहा गया कि ट्रेनिंग सत्र के बाद 'आइस बाथ' को लेकर अली के साथ बहस के बाद हुई घुटनाओं के कारण यूनिस ने ऐसा किया। यूनिस ने 'जंग' समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में कहा, 'मैं स्पष्ट कर देता हूं कि बल्लेबाजी कोच का पद छोड़ने के मेरे फैसले के पीछे का कारण हसन अली के साथ हुई घटना नहीं है।

## गेंदबाज से दमदार ओपनर बनकर देश को जिताया था वर्ल्ड कप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के अलग–अलग देशों के पास अच्छे–अच्छे ओपनर थे, लेकिन श्रीलंकाई टीम के पास कोई अच्छा ओपनर नहीं था, जो टीम को अच्छी शुरुआत दिलाए और तेज शुरुआत दिलाए। यहां तक कि अन्य देशों के पास भी ऐसे ओपनर नहीं थे, जो तेजतर्रार रन बनाए, लेकिन श्रीलंकाई टीम के महान खिलाड़ी सनथ जयसूर्या ने साबित कर दिया था कि ओपनिंग किस अंदाज में होनी चाहिए। यही कारण है कि आज उनकी गिनती श्रीलंका ही नहीं, बल्कि दुनिया के महान क्रिकेटरों में की जाती है। 30 जून 1969 को मतारा में जन्मे सनथ जयसूर्या ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत गेंदबाज के तौर पर की थी, लेकिन उनकी रूचि बल्लेबाजी में भी काफी ज्यादा थी।